फ्रीगंज में नए फोरलेन ब्रिज की तैयारी तेज, फुटओवर ब्रिज हटाया

- दो घंटे तक थमी ट्रेनें और यातायात, क्रेन से हटाई गई गर्डर
- 92 करोड़ की लागत से बनेगा समानांतर ब्रिज
- सिंहस्थ 2028 तक पुराने ब्रिज का उपयोग, बाद में तोड़ देंगे

नवभारत न्यूज

उज्जैन. फ्रीगंज ओवरब्रिज के समानांतर प्रस्तावित नए फोरलेन ब्रिज के निर्माण की तैयारियों के तहत रेलवे ने अपने हिस्से का अहम कार्य पूरा कर लिया है. सोमवार को ब्रिज पर आवागमन बना रहा.

नवभारत ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था कि 5 जनवरी सोमवार को पुराने फुटओवर ब्रिज को पूरी तरह हटा दिया जाएगा. करीब डेढ़ सौ साल पुराने फ्रीगंज ओवरब्रिज के समीप स्थित लगभग 45 वर्ष पुराना यह फुटओवर ब्रिज अब नए निर्माण की योजना के चलते अपनी उपयोगिता खो चुका था, इसलिए इसे हटाने का निर्णय लिया गया.

एक दर्जन क्रेन बुलवाई- सोमवार को फुटओवर ब्रिज की गर्डर हटाने के लिए आधा दर्जन से अधिक क्रेन मौके पर बुलाई गईं. एक दर्जन से अधिक अधिकारी, कर्मचारी और इंजीनियरों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद गर्डर को सुरक्षित तरीके से हटाया. इस दौरान ब्रिज पर आवागमन पूरी तरह बंद रखा गया. रेलवे द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से लगभग दो घंटे तक कई ट्रेनों का संचालन भी रोका गया, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा.

92 करोड़ से नया ब्रिज- सेतु विकास निगम के कार्यपालन यंत्री पी.एस. पंत ने नवभारत से चर्चा में बताया कि जयपुर की चैतन्य कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा लगभग 92 करोड़ रुपये की लागत से यह नया फोरलेन ब्रिज बनाया जा रहा है. यह ब्रिज चामुंडा माता चौराहा और नगर वन चौराहे से शुरू होकर पुराने फ्रीगंज ओवरब्रिज के समानांतर विनोदालय, कुष्ठ बस्ती के आगे से होते हुए स्टडी होम स्कूल के पास मक्सी रोड जीरो पॉइंट ब्रिज तक पहुंचेगा. इसके साथ ही नई समानांतर ब्रिज की दूसरी शाखा ग्रैंड होटलङ्कग्रैंड टावर के सामने से टावर चौक तक जाएगी.

वैकल्पिक मार्गों से निकले लोग

शहर में भी यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया. फ्री गंज ओवरब्रिज से होकर गुजरने वाला आवागमन बंद रहा, वहीं चामुंडा माता चौराहा और फ्रीगंज की ओर जाने वाले मार्ग भी अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए. मौके पर माधवनगर थाना पुलिस, देवास गेट थाना पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे के अधिकारियों ने मोर्चा संभाले रखा. पूरे क्षेत्र में बेरिकेडिंग की गई, स्टॉपर लगाए गए और ब्रिज के नीचे की सड़क भी बंद रखी गई ताकि कार्य के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना न हो. करीब दो घंटे में कार्य पूरा होने के बाद यातायात को पुन: सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया.

पुराना ब्रिज तोड़ देंगे

इधर, सिंहस्थ 2028 के बाद पुराने फ्रीगंज ओवरब्रिज को भी तोड़ने की योजना है. फिलहाल सिंहस्थ आयोजन तक पुराने ब्रिज का उपयोग जारी रहेगा। नए ब्रिज के निर्माण से शहर की यातायात व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं व आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी.

इंदौर हादसे का नहीं कोई गम, ढोल ताशे के साथ एसडीओ ने किया पदभार ग्रहण!

मंडलेश्वर. इंदौर के भागीरथपुरा में गंदे पानी से रोज मौतों की संख्या बढ़ती जा रही है. सोमवार को एक और व्यक्ति की मौत के बाद यह संख्या 17 पहुंच गई है. मंडलेश्वर के जलूद प्रोजेक्ट से इंदौर को जल आपूर्ति करने वाला पीएचई विभाग इस हादसे के बाद सतर्क होने के बजाय लापरवाह बना हुआ है.

मंडलेश्वर स्थित पी एच ई विभाग में पदभार ग्रहण करने पहुंचे एसडीओ नारमल कनाडे का कर्मचारियों द्वारा ढोल ताशे बजाकर फूल मालाएं पहनाकर जश्न मनाया गया. जश्न में आवश्यक सेवा से जुड़े कर्मचारी भी शामिल थे जबकि उनकी ड्यूटी महत्वपूर्ण कार्य में लगी थी उनकी थोड़ी सी लापरवाही से कोई भी हादसा हो सकता था. कार्यालय परिसर में कार्यालयीन समय में ही ढोल बजाए जा रहे हैं और समोसा, कचौड़ी व सेव की दावत उड़ाई जा रही है. इंदौर में इतनी बड़ी घटना के बाद से पीएचई विभाग हाई अलर्ट पर है. नगर निगम और विभाग के बड़े-बड़े अधिकारी नप चुके हैं और मंडलेश्वर में जश्न का मनाया जाना कुछ हजम नहीं होता है. घटना कुछ इस प्रकार है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) मेकेनिकल खरगोन में पदस्थ उपयंत्री नारमल कनाडे को 1 जनवरी को पीएचई मंडलेश्वर उपखंड 2 का अतिरिक्त प्रभार मिला. जिसके बाद सोमवार को पदभार ग्रहण करना था. जिसके लिए ढोल, फूलमाला और नाश्ते का विशेष प्रबंध किया गया था. उपयंत्री कनाडे ने इस संबंध में कहा- ढोल ताशे से मेरा कोई संबंध नहीं है. कर्मचारियों ने बुलवाए होंगे.

पूर्व में लग चुके हैं भ्रष्टाचार के आरोप

17 लाशों पर खुशियां मनाने वाले उपयंत्री कनाडे पहले भी यहां पदस्थ रह चुके हैं. जिनके ऊपर पूर्व में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लग चुके हैं. जिस सम्बन्ध में विभागीय जांच भी चल रही है और उसी के कारण इन्हें यहां से हटाया गया था. जिसके बाद पुन: यहां इनकी पदस्थापना होना कई सवाल खड़े कर रहा है. इस संबंध में इंदौर नगर निगम अपार आयुक्त क्षितिज सिंघल से संपर्क किया लेकिन, कॉल रिसीव नहीं किया.

क्या कांग्रेस जनता के दर्द और परेशानी में खड़ी नहीं हो सकती? : सिंघार

नव भारत न्यूज

इंदौर. प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा कि भाजपा के लोगों ने कांग्रेस नेताओं को पीड़ितों से मिलने से रोका. क्या कांग्रेस आम व्यक्ति के दर्द और परेशानी में खड़ी नहीं हो सकती? उनके हाल नही जान सकती है. भागीरथपुरा पीड़ितों से मिलने जा रहा हूं.

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार प्रदूषित पानी पीने से मृत परिवारों और पीड़ितों से मिलने आएंगे. आज मीडिया से उन्होंने कहा कि जिस तरह से भागीरथपुरा में कांग्रेस के नेताओं को मिलने से रोका गया, उससे भाजपा सरकार की नाकामी छुपाने की कोशिश है. सिंगार ने सवाल किया कि प्रदेश सरकार और नगरनिगम को जानकारी नहीं थी कि प्रदूषित पानी पीने के लिए दिया जा रहा है? 5 महीने टेंडर को पेंडिंग क्यों रखा गया? कमीशन खोरी के चलते लोगों की जान चली गई. यह निगम के भ्रष्टाचार का मामला है. इसके खिलाफ आम जनता को सामने आना चाहिए और भाजपा के खिलाफ आवाज उठान चाहिए.

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस जनता का दर्द नहीं देख सकती? परेशानी में मिल नहीं सकती , हमें भाजपा के लोग रोक रहे है. आज मैं भी भागीरथपुरा मृतक के परिजनों और मरीजों से मिलने जा रहा हूं.

पेज एक का शेष

दूषित पेयजल कांड : मृतकों की संख्या 17 पहुंची

इसी दौरान उन्होंने क्षेत्र में सप्लाई हो रहा पानी पिया, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगडने् लगी. परिजन उन्हें पहले एक अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल रेफर किया. वहां उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. डॉक्टरों का कहना है कि मिलिट्री से सेवानिवृत्त ओमप्रकाश शर्मा की किडनी फेल होने के कारण उनकी मृत्यु हुई है, जबकि परिजनों का दावा है कि उन्हें पहले से किडनी से संबंधित कोई बीमारी नहीं थी. उनका आरोप है कि दूषित पानी से हुए इंफेक्शन के कारण ही किडनी में गंभीर समस्या पैदा हुई, जिससे उनकी जान चली गई. हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर इस मौत को अब तक भागीरथपुरा के दूषित पानी से जोड़कर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. लगातार हो रही मौतों और बीमारियों के बाद भी जिम्मेदार विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है.

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2025/36 दिनांक: 06.01.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है।

किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा (म.प्र.)
P.G. College Campus Dharam Tekri, Chhindwara
Phone (o) : 07162-230266, Email : registrar.cuc@mp.gov.in
क्र. 61/भण्डार निविदा/रा.श.श.वि./2026 छिंदवाड़ा, दि. : 05.01.2026

ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रण

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम क्रय हेतु ई-निविदा http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। जिसका निविदा नं. 2026_CU_473225_1 है। निविदाओं का विस्तृत विवरण राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा की अधिकृत वेबसाइट https://cuc.ac.in पर दिनांक 05.01.2026 से उपलब्ध है।

संपर्क - श्री गजेन्द्र मौर्य, मो.नं. 7693952248
(सहायक कुलसचिव, भण्डार)

म.प्र. माध्यम/123838/2026 कुलसचिव



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60